छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | प्रथम सत्र | अंक-02

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 7 जनवरी, 2014

(पौष-17, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. माननीय राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई ।

माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ ।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

2. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री देवजी पटेल, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि " माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

श्री शिवरतन शर्मा, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनाँक 8, 9 एवं 10 जनवरी 2014 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनाँक 7 जनवरी, 2014 के अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

3. मंत्रियों का परिचय

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने मंत्रियों का परिचय सदन से कराया।

4.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री दिलीप सिंह जूदेव-सांसद, लोकसभा, श्री मुरारीलाल सिंह-सांसद, लोकसभा, श्री अघन सिंह ठाकुर-पूर्व राज्य मंत्री अविभाजित मध्यप्रदेश शासन, श्री ईश्वर सिंह पटेल-अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री हमीद उल्लाह खान-अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्री ईश्वर दास रोहाणी- अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा, श्री नेल्सन मंडेला-पूर्व राष्ट्रपति, दक्षिण अफ्रीका के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री टी.एस.बाबा ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में अपराह्न 12.31 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनाँक 8 जनवरी, 2014 (पौष 18, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा

प्रमुख सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा